राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–288/2023

छात्र–छात्राएँ समाज और देश के हित में कार्य करें –राज्यपाल

पटना, 03 नवम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT), पटना कैम्पस के दीक्षांत समारोह में पदक एवं उपाधि प्राप्त करनेवाले छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश एवं समाज के हित में कार्य करें। उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाने में माता–पिता के अतिरिक्त शिक्षकों, रिश्तेदारों और समाज के अन्य लोगों का अहम योगदान है और उन्हें इनके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। अतः उन्हें सिर्फ नौकरी और जीवन की सुख–सुविधाएँ हासिल करने तक ही अपने को सीमित नही रखकर समाज के लिए कार्य करने के बारे में सोचना चाहिए। उन्हें अपने लक्ष्य का निर्धारण इस प्रकार करना चाहिए कि वे आगामी 25 वर्षों के अमृतकाल में देश की प्रगति में अपना सर्वोत्तम योगदान दे सकें।

उन्होंने उनसे कहा कि उनकी कार्यकुशलता, व्यवहार और कार्य निष्पादन की क्षमता के आधार पर ही उनका मूल्यांकन होगा और समाज में उनकी पहचान होगी इसलिए इनके प्रति उन्हें सतत जागरूक रहकर इनमें अभिवृद्धि के लिए प्रयत्नशील रहना होगा। वे निफ्ट जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के विद्यार्थी रहे हैं तथा मेधावी और अपने कार्य क्षेत्र में निपुण हैं। उन्हें किसी संस्थान में नौकरी तलाश करने के बजाय स्वरोजगार के विषय में विचार करना चाहिए। राज्यपाल ने उन्हें अच्छा इंसान बनने की सलाह देते हुए कहा कि एक अच्छा व्यक्ति समाज की बेहतर सेवा कर सकता है चाहे वह किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हो।

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT), पटना कैम्पस के स्नातक बैच, 2023 सफल छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान करने के अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।

कार्यक्रम को निफ्ट के महानिदेशक श्री रोहित कंसल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर निफ्ट, पटना कैम्पस के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा, निफ्ट, नई दिल्ली के प्रो० (डॉ०) सुधा ढ़ींगरा एवं प्रो० (डॉ०) शिंजू महाजन, एम्स, पटना कैम्पस के प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण, विद्यार्थीगण एवं उनके अभिभावक तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....